# हंडिया पॉलिटेक्निक हंडिया, प्रयागराज

**समूह "क" (प्रधानाचार्य), समूह "क" (विभागाध्यक्ष), समूह "ख" (व्याख्याता अभियंत्रण विषय), समूह "ख" (पुस्तकालयाध्यक्ष / कर्मशाला अधीक्षक), समूह "ग" (कर्मशाला अनुदेशक) एवं समूह "ग" (लिपिक संवर्ग) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु मानक एवं अनुदेश**

**(विस्तृत विवरण)**

**(विज्ञापन संख्या – हपह : 01 / 2023)**

प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राज्य सरकार से सहायता प्राप्त संस्था, हंडिया पॉलिटेक्निक हंडिया, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में लोक सेवा आयोग की परिधि से बाहर समूह "क" (प्रधानाचार्य), समूह "क" (विभागाध्यक्ष), समूह "ख" (व्याख्याता अभियंत्रण विषय), समूह "ख" (पुस्तकालयाध्यक्ष / कर्मशाला अधीक्षक), समूह "ग" (कर्मशाला अनुदेशक) एवं समूह "ग" (लिपिक संवर्ग) के निम्न विवरण के अनुसार नियमित रिक्त पदों पर भर्ती हेतु भारत के नागरिकों से इस विज्ञप्ति के द्वारा आनलाईन के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र के साथ सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी द्वारा रू 400=00 (चार सौ मात्र) तथा सभी वर्ग की महिलाओं एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी द्वारा रू0 200=00 (रूपया दो सौ मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत डिमांड ड्राफ्ट जो "प्रधानाचार्य, हंडिया पॉलिटेक्निक हंडिया, प्रयागराज" के नाम देय हो संलग्न किया जायेगा। पूर्ण रूप से भरे हुए आनलाईन आवेदन पत्र के प्रिन्ट आउट के साथ समस्त वांछित अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों व ड्राफ्ट सहित एक बन्द लिफाफे में, जिसके ऊपर स्पष्ट शब्दों में आवेदित पद का नाम, लिंग (पुरूष / महिला) तथा वर्ग (अनारक्षित / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग) अंकित हो, स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रधानाचार्य, हंडिया पॉलिटेक्निक हंडिया, प्रयागराज–221503 के पते पर भेजा जाना है। आनलाईन आवेदन पत्र के प्रिन्ट आउट के साथ समस्त संलग्नकों सहित आवेदन पत्र संस्था में प्राप्त होने की अन्तिम तिथि विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिन एवं सायं 05:00 (पाँच) बजे तक है जिसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। डाक के कारण विलम्ब के लिए संस्था जिम्मेदार नहीं होगी। आयु की गणना भर्ती वर्ष 01.07.2023 के आधार पर की जायेगी।

| क्र. सं. | समूह | पदनाम | वेतन बैण्ड, ग्रेड वेतन | रिक्त पदों का वर्गवार विवरण एवं संख्या | | 01–07–2023 को आयु सीमा | अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् विनियम–2019 नई दिल्ली एवं सरकार से सहायाता प्राप्त सेवानियमावली–1996 एवं यथा संशोधित (पंचम संशोधन) विनियमावली–2021 में प्रविधानित विनियम एवं समय–समय पर इस सम्बन्ध में जारी शासनादेशों के अनुसार अर्हतायें एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ग | संख्या | | |
| 01 | क | **प्रधानाचार्य** | प्रारम्भिक वेतन 1,31,400 लेवल–13क1 विशेष भत्ता 4500 रूपये | अनारक्षित | 01 | न्यूनतम 35 वर्ष से अधिकतम 50 वर्ष तक | प्राविधिक शिक्षा / शोध / उद्योग में उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर अध्यापन में न्यूनतम 16 वर्षों के अनुभव के साथ सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में पी0एच0डी0 और स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम श्रेणी जिसमें से कम से कम तीन वर्ष का पश्च पी0एच0डी0 अनुभव और विभागाध्यक्ष के स्तर से अनिम्न व्यक्ति का 5 वर्ष का अनुभव हो।<br>**अथवा**<br>सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम श्रेणी तथा प्राविधिक शिक्षा / शोध / उद्योग के अध्यापन में उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर न्यूनतम 20 वर्षों का अनुभव जिसमे से विभागाध्यक्ष के स्तर से अनिम्न व्यक्ति का 05 वर्ष का अनुभव हो। |

प्रधानाचार्य
हंडिया पालीटेक्निक
हंडिया प्रयागराज

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | क | **विभागाध्यक्ष (अभियंत्रण विषय)** | प्रारम्भिक वेतन 1,31,400 लेवल – 13क1 | | | न्यूनतम 28 वर्ष से अधिकतम 45 वर्ष तक | सुसंगत क्षेत्र में पी0एच0डी0 तथा सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम श्रेणी प्राविधिक शिक्षा / शोध / उद्योग में उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर अध्यापन में न्यूनतम 12 वर्षों का अनुभव हो जिसमें से न्यूनतम व्याख्याता (चयन ग्रेड–एक) के स्तर पर कम से कम 02 वर्ष का पश्च पी0एच0डी0 अनुभव होगा।<br>**अथवा**<br>प्राविधिक शिक्षा / शोध / उद्योग में उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर अध्यापन में न्यूनतम 15 वर्षों के अनुभव के साथ सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक या स्नातकोत्तर उपाधि जिसमें से व्याख्याता (चयन ग्रेड–दो) के स्तर पर कम से कम 03 वर्षों का अनुभव हो। |
| | | विभागाध्यक्ष सिविल इंजी0 | | अनारक्षित | 01 | | |
| 03 | ख | **व्याख्याता (अभियंत्रण और तकनीकी शाखायें)** | प्रारम्भिक वेतन 56,100 लेवल–9क एवं प्रारम्भिक वेतन 57,700 लेवल 10 अगला वेतन शासनादेश संख्या–474 / सोलह–2 –2020–138 (डब्लू) / 99, दिनांक 16–03–2020 में दिये गये उपबन्ध के अनुसार अनुमन्य है। | | | न्यूनतम 21 वर्ष से अधिकतम 40 वर्ष तक | **व्याख्याता (लेवल–9क, प्रविष्टि वेतन रू0–56100 / –) की सीधी भर्ती के लिये**<br>अभियंत्रण / प्रौद्योगिकी सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में प्रथम श्रेणी के साथ बी0ई0 / बी0टेक0 / बी0एस0<br>**व्याख्याता (लेवल–10, प्रविष्टि वेतन रू0 57,700 / –) की सीधी भर्ती के लिये**<br>तकनीकी शाखाओं के लिए चयन के समय में सुसंगत शाखाओं (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक और स्नातकोत्तर की दो उपाधियों में से एक उपाधि में प्रथम श्रेणी। |
| | | व्याख्याता सिविल इंजी0 (04 पद) | | अनारक्षित | 02 | | |
| | | | | ओ0बी0सी | 01 | | |
| | | | | अनुसूचित जाति | 01 | | |
| | | व्याख्याता विद्युत इंजी0 (04 पद) | | अनारक्षित | 02 | | |
| | | | | ओ0बी0सी | 01 | | |
| | | | | अनुसूचित जाति | 01 | | |
| | | व्याख्याता यांत्रिक इंजी0 (04 पद) | | अनारक्षित | 02 | | |
| | | | | ओ0बी0सी0 | 01 | | |
| | | | | अनुसूचित जाति | 01 | | |

प्रधानाचार्य
हंडिया पालीटेक्निक
हंडिया प्रयागराज

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | ख | **कर्मशाला अधीक्षक** | प्रारम्भिक वेतन 56,100 लेवल–9क एवं प्रारम्भिक वेतन 57,700 लेवल 10 अगला वेतन शासनादेश संख्या–474 / सोलह–2 –2020–138 (डब्लू) / 99, दिनांक 16–03–2020 में दिये गये उपबन्ध के अनुसार अनुमन्य है। | अनारक्षित | 01 | न्यूनतम 21 वर्ष से अधिकतम 40 वर्ष तक | यांत्रिक अभियन्त्रण में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि। |
| 05 | ख | **पुस्तकालयाध्यक्ष** | प्रारम्भिक वेतन 56,100 लेवल–9क एवं प्रारम्भिक वेतन 57,700 लेवल 10 अगला वेतन शासनादेश संख्या–474 / सोलह–2 –2020–138 (डब्लू) / 99, दिनांक 16–03–2020 में दिये गये उपबन्ध के अनुसार अनुमन्य है। | अनारक्षित | 01 | न्यूनतम 21 वर्ष से अधिकतम 40 वर्ष तक | **1.** पुस्तकालय विज्ञान में कम से कम प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर उपाधि या. उसके समकक्ष और कम्प्यूटर ज्ञान के साथ निरन्तर उत्कृष्ट शैक्षणिक अभिलेख।<br>**2.** यू0जी0सी0 द्वारा उक्त प्रयोजनार्थ संचालित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा अथवा यू0जी0सी0 द्वारा यथा अनुमोदित अन्य समकक्ष परीक्षा में अर्हता हो। |
| 06 | ग | **कर्मशाला अनुदेशक** | वेतन बैण्ड 9300–34800, ग्रेड पे – 4200 पुनरक्षित वेतनमान (35400–112400) लेवल – 6 | अनारक्षित<br>1. मशीन शॉप–01<br>2. वेल्डींग शॉप – 01 | **02** | न्यूनतम 21 वर्ष से अधिकतम 40 वर्ष तक | **1.** राजकीय माध्यमिक प्राविधिक विद्यालय से सम्बन्धित ट्रेड में तीन वर्षीय प्रमाणपत्र अथवा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से सम्बन्धित ट्रेड में प्रमाण पत्र के साथ हाई स्कूल अथवा सम्बन्धित शाखा में डिप्लोमा।<br>**2.** प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात् तीन वर्ष का औद्योगिक अनुभव। |
| | | | | अनुसूचित जाति<br>1. कारपेन्ट्री शॉप–01<br>2. फाउन्ड्री शॉप – 01 | **02** | | |
| | | | | ओ0बी0सी0<br>1. फीटिंग शॉप–01 | **01** | | |

प्रधानाचार्य
हंडिया पालीटेक्निक
हंडिया प्रयागराज

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | ग | आशुलिपिक | वेतन बैण्ड 5200–20200, ग्रेड पे – 2800 पुनरक्षित वेतनमान (29200–92300) लेवल – 5 | अनारक्षित | 01 | न्यूनतम 21 वर्ष से अधिकतम 40 वर्ष तक | इण्टरमीडिएट अथवा इसके समकक्ष, हिन्दी आशुलिपि और टंकण में कम से कम क्रमशः 80 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट की गति |
| 08 | ग | कनिष्ठ लिपिक | वेतन बैण्ड 5200–20200, ग्रेड पे – 1900 पुनरक्षित वेतनमान (19900–63200) लेवल – 2 | अनारक्षित | 02 | न्यूनतम 18 से अधिकतम 40 वर्ष तक | इण्टरमीडिएट के साथ–साथ कम्प्यूटर संचालन का डोयेक (DOEACC) सोसायटी द्वारा प्रदत्त "सी0सी0सी0" (CCC) प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र तथा हिन्दी/अंगेजी में कम से कम 25/30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति। |
| | | | | अनुसूचित जाति | 01 | | |

आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में नियमानुसार छूट अनुमन्य है।

<u>**सामान्य निर्देश**</u> –

(1) उपरोक्त पदों की भर्ती में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् विनियम–2019 नई दिल्ली एवं सरकार से सहायाता प्राप्त सेवानियमावली–1996 एवं यथा संशोधित (पंचम संशोधन) विनियमावली–2021 में प्रविधानित विनियम एवं समय–समय पर इस सम्बन्ध में जारी शासनादेशों के नियम लागू होंगे।

(2) उपरोक्त पदों की भर्ती के लिए सरकार से सहायता प्राप्त उ0प्र0 प्राविधिक शिक्षा संस्था विनियमावली, 1996 (अधिसूचना 14 जुलाई 1997) में निहित विनियम तथा अनुक्रम में समय–समय पर हुए संशोधन यथा सरकार से सहायता प्राप्त उ0प्र0 प्राविधिक शिक्षा संस्था (पंचम संशोधन) विनियमावली, 2021 एवं शासनादेश पूर्णतः लागू होंगे।

(3) समूह 'क' के रिक्त पदों पर चयन – साक्षात्कार के आधार पर तथा समूह 'ख' के रिक्त पदों पर चयन – लिखित परीक्षा के प्राप्तांक तथा साक्षात्कार में प्राप्तांक के आधार पर, लिखित परीक्षा हेतु 80 प्रतिशत और साक्षात्कार हेतु 20 प्रतिशत अंको पर नियमानुसार होगा।

(4) समूह 'ग' कर्मशाला अनुदेशक का चयन – वस्तुनिष्ठ परीक्षा (सम्बन्धित विषय में) के प्राप्तांक, शैक्षिक अर्हता का कुल निर्धारित अंक, पद के लिए विहित न्यूनतम तकनीकी अर्हता का कुल निर्धारित अंक तथा खिलाड़ियों के लिए समूह–ग के पदों पर नियमावली–2014 के नियम–3(ग) के अन्तर्गत आवंटित अंकों के सम्पूर्ण योग के प्राप्तांक के आधार पर नियमानुसार किया जायेगा।

(5) समूह 'ग' आशुलिपिक तथा कनिष्ठ लिपिक का चयन– निर्धारित शैक्षिक अर्हता एवं टाइपिंग टेस्ट के आधार पर नियमानुसार किया जायेगा।

(6) अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु कोई यात्रा भत्ता अनुमन्य नहीं होगा।

(7) अभ्यर्थियों को आनलाईन के माध्यम से नियत प्रारूप पर आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र संस्था वेबसाइट www.handiapolytech.ac.in पर उपलब्ध है।

(8) अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ संलग्न करनी होंगी तथा साक्षात्कार के समय समस्त मूल प्रमाण पत्र साथ में लाना होगा।

(9) सरकारी संस्थाओं, संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या लिमिटेड संगठनों का ही अनुभव स्वीकार्य होगा और उसकी गणना अभ्यर्थी द्वारा विहित शैक्षिक अर्हता प्राप्त करने के पश्चात की जायेगी।

(10) सेवारत अभ्यर्थियों द्वारा अपने विभाग को सूचना देते हुए आवेदन किया जा सकता है, परन्तु साक्षात्कार के समय विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(11) नियोक्ता द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र में पदनाम, विभाग, वेतनमान, ग्रेड पे, लेवल का स्पष्ट उल्लेख होना अनिवार्य है।

(12) सेवारत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी न्यूनतम तीन वर्ष का आयकर विवरणी (फार्म–16) आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

(13) अपने आवेदन पत्र के साथ रूपया 42/– का डाक टिकट लगा, स्वयं के पत्राचार का पता अंकित, लगभग (22X10 सेमी) आकार का एक लिफाफा संलग्न करना अनिवार्य है।

प्रधानाचार्य
हंडिया पालीटेक्निक
हंडिया प्रयागराज

(14) निर्धारित तिथि व समय के उपरान्त अथवा अपूर्ण प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा उन्हें निरस्त कर दिया जायेगा।

(15) समूह 'ख' (व्याख्याता अभियंत्रण) की संख्या आवश्यकतानुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

(16) पी0एच0डी0 की समकक्षता, मुख्य लेखक के रूप में पदधारी के अन्यून 2.0 संचायी समघात सूचकांक वाले प्रत्येक 05 अर्न्तराष्ट्रीय जर्नल पेपर प्रकाशित होने और लेखन विशेषज्ञता के क्षेत्र में 5 प्रकाशनों पर आधारित होगी।

(17) पी0एच0डी0 किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से होगी।

(18) शोध अनुभव के मामले में उत्कृष्ट शैक्षणिक अभिलेख और पुस्तक/शोध पत्र प्रकाशन/आई0पी0आर0/पेटेंट अपेक्षित होंगे, जैसा कि चयन समिति के विशेषज्ञ सदस्यों द्वारा उपयुक्त समझा जाय। यदि उद्योग में अनुभव पर विचार किया जाता है तो वही अनुभव उस प्रबन्धकीय स्तर पर होगा जो ऐसे विभागाध्यक्ष के समकक्ष होगा, जिसकी अभिकल्पन, नियोजन, निष्पादन, विश्लेषण, गुणवत्ता नियंत्रण, अभिनवीकरण, प्रशिक्षण, प्राविधिक पुस्तकें, शोध पत्र प्रकाशनों/आई0पी0आर0/पेटेंट्स आदि में सक्रिय सहभागिता का किर्तिमान हो जैसा कि चयन समिति के विशेषज्ञ सदस्यों द्वारा उचित समझा जाय।

औद्योगिक अनुभव का तात्पर्य निम्नलिखित से है :-

(एक) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्य करने के अनुभव के लिए अधिमान प्रदान किया जायेगा, तथापि निजी क्षेत्र पर भी विचार किया जा सकता है, परन्तु उद्योग के पास सफलतापूर्वक निरन्तर कार्य करने का कम से कम 10 वर्षों का अनुभव हो।

(दो) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र (अनुभव) प्रस्तुत करने के पश्चात ही अनुभव पर विचार किया जा सकता है।

(तीन) उद्योग प्रचालन क्षेत्र, सुसंगत शाखा क्षेत्र से सम्बन्धित होगा।

(चार) अनुभव प्रमाण-पत्र में वर्क प्रोफाइल, पदनाम और सेवा अवधि सम्मिलित होंगे।

(पाँच) उद्योगों में की गई कुल सेवा का 50 प्रतिशत सेवा को अध्यापन अनुभव के समकक्ष माना जायेगा, परन्तु कुल अनुभव कम से कम 10 वर्ष और उससे अधिक का हो।

(19) विभागाध्यक्ष और प्रधानाचार्य के पद हेतु प्रबन्धन और नेतृत्व स्वभाव का होना आवश्यक है जैसा की चयन समिति के विशेषज्ञ सदस्यों द्वारा उपयुक्त समझा जाये।

(20) यदि वर्ग/श्रेणी न प्रदान की गई हो तो कुल योग का न्युनतम 60 प्रतिशत अंक प्रथम श्रेणी/वर्ग के समकक्ष समझा जायेगा, यदि ग्रेड प्वाइंट सिस्टम अपनाया जाता है तो सी0जी0पी0ए0 को निम्नानुसार समकक्ष अंकों में सपरिवर्तित किया जायेगा –

| ग्रेड प्वाइंट | समकक्ष प्रतिशत |
|---|---|
| 6.25 | 55% |
| 6,75 | 60% |
| 7.25 | 65% |
| 7.75 | 70% |
| 8.25 | 75% |

(21) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा निर्धारित पात्रता तथा शैक्षणिक अर्हताओं की समस्त शर्तें, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष की सीधी-भर्ती हेतु प्रयोज्य होगी।

(22) आवश्यक अर्हता के सम्बन्ध में जहाँ सम्बन्धित विषय में मूल उपाधि नहीं दी जाती है वहाँ वैकल्पिक तथा विशेष विषय के रूप में सम्बन्धित विषय के साथ प्रथम श्रेणी में मूल स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि पर विचार किया जायेगा।

(23) उपरोक्त पदों की भर्ती के सम्बन्ध में पूर्ण विवरण संस्था की वेबसाइट www.handiapolytech.ac.in पर उपलब्ध है।

(24) एक ही अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों पर आवेदन हेतु अलग-अलग आवेदन पत्र तथा डिमांड ड्राफ्ट देना होगा।

(25) उपरोक्त विज्ञापित पद पर भर्ती प्रकिया किसी भी स्तर पर बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

(..................................)
का0 प्रधानाचार्य

प्रधानाचार्य
हंडिया पालीटेक्निक
हंडिया प्रयागराज

(..................................)
अध्यक्ष प्रबन्ध समिति